प्रादेशिक समाचार
दिनांक–11.09.2024 (सुबह 08:30 बजे)
मुख्य समाचार

1. **प्रधानमंत्री मोदी पीएम आवास योजना के लाखों लाभार्थियों की अगली किस्त 15 सितम्बर को जारी करेंगे।**
2. **झारखंड के सभी प्रमंडलों में परिवर्तन संकल्प यात्रा निकालेगी भाजपा, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह 21 सितंबर को साहिबगंज के भोगनाडीह से करेंगे इसकी शुरुआत।**
3. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा पर राज्य की जनता को विकास के नाम पर गुमराह करने का लगाया आरोप।**
4. **मौसम विभाग ने रांची, देवघर, दुमका और धनबाद समेत राज्य के कई हिस्सों में आज बारिश का जताया अनुमान, पिछले 24 घंटे में कई जिलों में हुई अच्छी बारिश।**

और

5. **पेरिस पैरालंपिक खेलों में स्वर्ण पदक विजेताओं को 75 लाख, रजत पदक जीतने वालों को 50 लाख और कांस्य पदक विजेताओं को 30 लाख रुपये का पुरस्कार देगी केन्द्र सरकार।**

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की 15 तारीख को झारखंड के जमशेदपुर में महत्वाकांक्षी पीएम आवास योजना के लाखों लाभार्थियों को दो हजार सात सौ पैंतालीस करोड़ रुपये की किस्त जारी करेंगे। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि इस मौके पर सभी लक्षित लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र भी वितरित किये जायेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे और लाखों लोग ऑनलाइन जुड़ेंगे। केंद्रीय मंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राज्यों के ग्रामीण विकास मंत्रियों की बैठक की, जिसमें उन्होंने कार्यक्रम की तैयारी के लिए जरूरी निर्देश दिए।

****

राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गयी हैं। भारतीय जनता पार्टी ने राज्य के सभी प्रमंडलों में परिवर्तन संकल्प यात्रा निकालने का निर्णय लिया है। रांची स्थित भाजपा मुख्यालय में केन्द्रीय मंत्री और पार्टी के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा की उपस्थिति में बैठक में यह तय किया गया 20 से 30 सितंबर तक सभी सांगठनिक प्रमंडलों में परिवर्तन संकल्प यात्रा निकाली जायेगी। इसकी शुरुआत केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह 21 सितंबर को साहिबगंज जिले के भोगनाडीह से करेंगे।

****

झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पार्टी कार्यकर्ताओं से राज्य की भ्रष्ट हेमंत सोरेन सरकार को सत्ता से हटाने का आह्वान किया है। रांची में पार्टी की चुनाव प्रबंधन समिति की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में सुशासन कायम करने के लिए झामुमो—कांग्रेस गठनबंधन की भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकना जरुरी है।

****

इस बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा पर पलटवार किया है। सरायकेला में आयोजित आपकी योजना—आपकी सरकार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में भाजपा का जनाधार खत्म हो गया है। उन्होंने भाजपा पर राज्य की जनता को विकास के नाम पर गुमराह करने का आरोप लगाया।

****

झामुमो के केन्द्रीय प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा है कि राज्य की गठबंधन सरकार के कार्यों से राज्य की जनता संतुष्ट है। रांची में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य की सत्ता पर काबिज होने के भाजपा के सभी प्रयास विफल होंगे।

****

रांची के बीआईटी मेसरा ओपी क्षेत्र से पुलिस ने चार लोगों के शव बरामद किये हैं। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है। हालांकि पुलिस ने कहा है कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि चारों की मौत ठनके की चपेट में आने से हुई है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

****

जामताड़ा जिले में मिशन वात्सल्य के तहत बालगृह का संचालन किया जाएगा। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता —

****

मौसम विभाग ने रांची, देवघर, धनबाद और दुमका समेत राज्य के कई हिस्सों में आज बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। इस दौरान वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले चौबीस घंटे में राज्य के कई हिस्सों में अच्छी बारिश हुई है। रांची और आसपास के क्षेत्रों में 30 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी है।

****

केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने पेरिस पैरालंपिक खेलों में पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों के लिए नकद पुरस्कारों की घोषणा की है। नई दिल्ली में खेल मंत्री ने बताया कि स्वर्ण पदक विजेताओं को 75 लाख, रजत पदक जीतने वालों को 50 लाख और कांस्य पदक विजेताओं को 30 लाख रुपये दिए जाएंगे। मिश्रित टीम स्पर्धाओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को साढे बाइस लाख रुपये मिलेंगे। श्री मांडविया ने कहा कि पिछले दशक में देश के प्रदर्शन में काफी सुधार हुआ है।

****

अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राज्य में विधानसभा चुनाव को लेकर तेज हुई राजनीतिक हलचल की खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया है।
दैनिक भास्कर ने केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के हवाले से लिखा है– झारखंड को चील कौवे जैसे नोंचकर खा रहे सत्ताधारी दल के लोग।
हिन्दुस्तान लिखता है–पैरालंपिक से लौटे पदकवीरों पर बरसा धन।
प्रभात खबर ने लिखा है– बीआईटी सिंदरी नियुक्ति मामले में एडवोकेट कमीशन गठित।
दैनिक जागरण ने शिवराज और हिमन्ता के खिलाफ राज्य सरकार द्वारा चुनाव आयोग से की गयी शिकायत की खबर को अपनी सुर्खी बनायी है।
रांची एक्सप्रेस लिखता है– राज्य सरकार ने चुनाव आयोग से शिवराज और हिमन्ता के खिलाफ की शिकायत, लिखा पत्र।
अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया लिखता है– उत्पाद सिपाही के लिए फिर से शुरू हुए शारीरिक परीक्षण के पहले दिन घटना मुक्त दौड़।
और हिन्दुस्तान टाइम्स ने लिखा है –बीजेपी की यात्रा 20 सितंबर से ।

*******समाप्त***************